बरेली, सोमवार
15 जुलाई 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

Page No : 08 Bottom

उत्साह प्रदेश स्तरीय द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2019 का समापन

अभिनव व सुहाना बनीं विजेता

जासं, बरेली : एसआरएमएस में चल रही प्रदेश स्तरीय द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2019 का रविवार को समापन हो गया। एकल पुरुष वर्ग में गाजियाबाद के अभिनव बेलवाल व एकल महिला वर्ग में मुरादाबाद की सुहाना चैंपियन रहे। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेता खिलाड़ियों को 70 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर यूपीटीटीए के सचिव अरुण कुमार बनर्जी, बरेली टीटी एसोसिएशन सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान आदि मौजूद रहे।

एकल पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में गाजियाबाद के अभिनव ने आगरा के आशुतोष कुमार सिंह और सहारनपुर के अंश सब्बरवाल ने गाजियाबाद के विभोर गर्ग को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में अभिनव ने अंश को 11-5, 1-3, 9-11, 11-9, 11-8 के मैराथन मुकाबले में पराजित किया। वहीं, एकल महिला वर्ग में मुरादाबाद सुहाना ने प्रयागराज की तनु गुप्ता और गाजियाबाद की राधाप्रिया गोयल ने प्रयागराज की पूजा सिंह को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें सुहाना ने राधाप्रिया को 11-5, 11-9, 11-8 से पराजित किया।

रामपूर्ति स्मारक मेमोरियल यूपी स्टेट रैंकिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी • जागरण

एसआरएमएस में तीन दिन चले महिला-पुरुष वर्ग के टेबल टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

जूनियर व यूथ गर्ल्स में भी सुहाना ने बाजी मारी : मुरादाबाद की सुहाना ने राधाप्रिया को 11-9, 11-5, 7-11, 11-6 से हराकर यूथ गर्ल्स का फाइनल मुकाबला भी जीता। जूनियर गर्ल्स के फाइनल में सुहाना ने फिर राधाप्रिया को हराकर जीत हासिल की। यूथ बॉयज वर्ग के खिताब पर गाजियाबाद के पार्थ मिश्रा ने कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में पार्थ ने अपने ही शहर के विभोर गर्ग को 11-6, 9-11, 11-7, 11-9, 11-7 से खिताबी मुकाबला जीता। जूनियर बॉयज फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गौतम बुद्ध नगर के सार्थ मिश्रा को 12-10, 11-4, 10-12, 11-2 से हराया।

गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने दिखाया दम : सब जूनियर गर्ल्स, कैडेट बॉयज व गर्ल्स वर्ग में गाजियाबाद ने बाजी मारी। बॉयज वर्ग में गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा ने वहीं के शिवम चंद्रा को 14-12, 11-9, 12-14, 11-9 से हराया। सब जूनियर गर्ल्स में प्रयागराज की अंबिका गुप्ता ने गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को 6-11, 11-7, 11-8, 11-9 से मात दी। कैडेट बॉयज वर्ग के फाइनल में गाजियाबाद के अक्षित भाटिया ने लखनऊ के दर्श श्रीवास्तव को 11-9, 11-7, 11-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया।